संक्षिप्त

घर से दवा लेने गया वृद्ध वापस नहीं लौटा

रींगस, (निसं)। थाना इलाके के ज्ञानपुरा गांव से बुधवार को सीकर दवा लेने गया एक वृद्ध दो दिन बाद भी घर नहीं लौटा। इस पर परिजनों ने आस पास के गांवों तथा रिश्तेदारों के यहा तलाश की लेकिन वृद्ध की कोई जानकारी नहीं मिल पाई। इस सम्बन्ध में परिजनों ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। जानकारी के अनुसार ज्ञानपुरा बावडी निवासी नन्द लाल नाथ 72 बुधवार सुबह अपने लिये दवा लेने के लिए बस से सीकर के लिए रवाना हुआ था। लेकिन गुरूवार सुबह तक वह नहीं लौटा।

एनसीसी भर्ती प्रक्रिया 30 से

श्रीमाधोपुर, (निसं) । सरदार पटेल महाविद्यालय श्रीमाधोपुर के प्राचार्य आर के बुनकर व एनसीसी ऑफिसर मनोज कुमार बगड़िया से प्राप्त जानकारी के अनुसार महाविद्यालय में थ्री रसज बटालियन की एनसीसी भर्ती प्रक्रिया 30 नवंबर मंगलवार प्रात: 8 बजे से प्रारंभ होगी।

शिशु रोग चिकित्सा परामर्श शिविर 28 को

श्रीमाधोपुर, (निसं)। अलायंस क्लब श्रीमाधोपुर व सेवायतन हास्पिटल चौमु के तत्वाधान मे वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ एसोसिएट प्रोफेसर योगेश यादव जेकेलोन जयपुर 28 नवंबर को दोपहर 3।बजे से पाच बजे तक डाक्टर चैम्बर्स महावीर दल मार्ग श्रीमाधोपुर मे निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर मे अपनी मरिजो को परामर्श देगे। यह जानकारी अलायंस क्लब के उपाध्यक्ष एडवोकेट रामकिशन सैनी ने दी।

एनएसएस शिविर का आयोजन

फुलेरा, (निसं)। कस्बे के हलवाई बाजार के पास स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में विद्यार्थी छात्राओं ने प्रथम एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का आयोजन प्रभारी सपना कुमावत के नेतृत्व में किया गया। शिविर के दौरान शिविरार्थी छात्राओं ने विद्यालय परिसर के साथ ही क्लास रूमों की साफ-सफाई कर सौंदर्यकरण का कार्य किया। साथ ही शिविर प्रभारी कुमावत ने बताया कि शिविर में विद्यार्थी छात्राओं को वैश्विक महामारी कोरोना वायरस संक्रमण के बचाव एवं पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने व जागरूक रहने की जानकारी दी गई। वहीं आगे बताया कि विद्यालय की प्रधानाचार्या नविता कुमारी वर्मा ने शिविरार्थी छात्राओं राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व की जानकारी दी।

मतदाता जागरूकता रैली निकाली

श्रीमाधोपुर,(निसं)। सरदार पटेल कॉलेज श्रीमाधोपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान के संबंध में कॉलेज के प्रिंसिपल आर के बुनकर एवं नायब तहसीलदार श्रीमाधोपुर मुकेश कुमार खारिया तथा उपखंड अधिकारी कार्यालय के चुनाव प्रभारी राकेश कुमार कुलदीप तथा कॉलेज के समस्त स्टाफ की उपस्थिति में रैली का आयोजन किया गया। रैली में लगभग 500 छात्र छात्राएं उपस्थित हुए।

आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार की वापसी को कोई नहीं रोक सकता : पायलट

- राजस्थान में एक बार कांग्रेस व एक बार भाजपा सरकार की चली आ रही परम्परा को बदलने का कार्यकर्ताओं से आव्हान किया
- मालपुरा के डिग्गी चौराहे पर पायलट ने की नुक्कड़ सभा, स्वागत में उमड़े कांग्रेसी

जयपुर से सरवाड जाते समय डिग्गी चौराहे पर सचिन पयलट ने नुक्कड़ सभा की व युवा ब्राह्मण नेता अवधेश शर्मा सहित हजारों समर्थकों ने उनका स्वागत किया।

मालपुरा, (निसं)। दो वर्ष के कोरोना काल व प्रदेश में कांग्रेस सरकार के नवीन मंत्री मंडल गठन के बाद गुरूवार को पहली बार सड़क मार्ग से जयपुर से सरवाड जाते समय मालपुरा विधानसभा क्षेत्र की सीमा डेंचवास मोड पर कांग्रेसियों ने पूर्व उपमुख्यमंत्री व टोंक विधायक सचिन पायलट का गर्मजोशी से स्वागत किया।

डिग्गी चौराहे पर पूर्व उपजिला प्रमुख व युवा ब्राह्मण नेता अवधेश शर्मा के नेतृत्व में जुटे हजारों कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने सचिन पायलट व टोंक जिला प्रभारी महेन्द्र सिंह खेड़ी को राजस्थानी पगड़ी पहना व फूल मालाओं से लादते हुए जमकर नारेबाजी की तो पायलट ने भी शर्मा की अगुवाही में मौजूद कार्यकर्ताओं व समर्थकों का अपार उत्साह देख अपनी पगड़ी अवधेश शर्मा को पहनाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में जमीन व जनता से जुडे कार्यकर्ता का स्थान सबसे उपर है।

पायलट ने नुक्कड सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार की वापसी होने से कोई नहीं रोक सकता। पायलट ने उत्साहित कार्यकर्ताओं से मुखाबित होते हुए कहा कि राजस्थान में एक बार कांग्रेस तो एक बार भाजपा की सरकार बनने की वर्षों से चली आ रही परम्परा को इस बार कांग्रेस का ऊर्जावान कार्यकर्ता बदल कांग्रेस सरकार की वापसी का इतिहास रचने के लिए तैयार है।

अवधेश शर्मा की अगुवाही में ब्राह्मण समाज सहित सर्वसमाज के हजारों कार्यकर्ताओं ने एक दर्जन से अधिक स्थानों पर स्वागत द्वार बना पायलट का स्वागत किया। डेंचवास मोड, नुक्कड चौराहा, चान्दसेन, रेलवे स्टेशन, आदर्श नगर, व्यास सर्किल, डाक बंगला, डेयरी चौराहा, ट्रक स्टेण्ड, इंदोली, संवारिया सहित दो दर्जन से अधिक गांवों में सचिन पायलट के हुए स्वागत सत्कार के दौरान भाजपाईयों ने स्वागत कार्यक्रमों पर अपनी पैनी नजर बनाई रखी तो सांसद व विधायक के करीबी भाजपाई कांग्रेसियों के स्वागत स्थलों के ईर्द-गिर्द मंडराते देखे गये। यहां तक की स्वागत के लिए जुटी भीड में मौजूद कई समर्थकों के पास भाजपा पदाधिकारियों के फोन भी पहुंचने पर भी वो समर्थक वहीं टिका रहा।

मालपुरा विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी का विधायक होने तथा लोकसभा क्षेत्र में सांसद भी भाजपा का होने के बावजूद हजारों की संख्या में पायलट के स्वागत में उमडे समर्थकों को देख भाजपाईयों ने भी एक बारगी तो दांतो तले अंगुली दबा ली। पायलट ने समर्थकों व कार्यकर्ताओं का स्वागत अभिवादन स्वीकार करते हुए कोरोना की पहली व दूसरी लहर के बाद अब तीसरी लहर पर भी सजग रहते हुए जीत दर्ज करने की अपील की। निवर्तमान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित गोपाल गुर्जर, रवि शर्मा लाम्बा, कैलाश गुर्जर, छोगालाल सहित दर्जनों कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

पायलट दौरे के तत्काल बाद डिग्गी पहुंचे पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. चन्द्रभान ने कल्याणजी महाराज की मनमोहक झांकी के दर्शन किये। पूजारी अश्विनी शर्मा व गिर्राज शर्मा ने डॉ. चन्द्रभान को श्रीजी दुपट्टा पहना स्वागत किया।

सार-समाचार

जमात में रहने वालों के पट्टे बनवाने की मांग

टोंक, (निसं)। जिले के निवाई कस्बे के जमात में रहने वाले लोग वार्ड नं. 1, 2, 3 में प्रशासन शहरों के संग अभियान में पट्टे बनवाने की मांग को लेकर पूर्व राज्य सफाई आयोग सदस्य दीपक संगत, पार्षद करण सिंह, जीतपाल, दयाराम के नेतृत्व में लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जयसिंहपुरा, पार्षद करण सिंह, जीतपाल, दयाराम, बाबू सिंह, मदन स्वामी, चिरंजीलाल, देवी सिंह, रतिराम चावडा, विष्णु चावला, सीताराम चावला एवं पार्षद राहुल गुर्जर, पेपसिंह, प्रहलाद दास आदि ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर बताया कि जमात क्षेत्र की आबादी भूमि है, उसमें प्रशासन शहरों के संग अभियान में जमात क्षेत्र के पट्टे जारी नहीं हो रहे है, जबकि पूर्व में 2013 में नगरपालिका द्वारा स्टेट ग्रांट के तहत एवं कब्जा नियमन के तहत पट्टे जारी किये जा चुके है। उन्होंने बताया कि जमात क्षेत्र के कई लोगों के ग्राम पंचायत द्वारा पट्टे मिल हुए हैं, जिनकी सत्यापित प्रतिलिपी नगरपालिका में भी है, ऐसे लोगों को 69 के तहत तुरंत पट्टे जारी करने का प्रावधान है, फिर भी नगरपालिका द्वारा पट्टे जारी नहीं किये जा रहे हैं।

नालियों में फिनाइल डलवाया

मंडावरी,(निसं) । नगर पालिका क्षेत्र में मौसमी बीमारियों को बढने से पहले रोकथाम के लिए नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों की गली मोहल्ले और नालियों में कीटनाशक पाउडर एवं फिनाइल डलवाया गया। नगर पालिका के स्वास्थ्य निरीक्षक रामकिशोर बेरवा ने बताया कि अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी के मिले निर्देशों के बाद उनके द्वारा बताए अनुसार नगरपालिका मंडावरी के विभिन्न वार्डों में सफाई कर्मियों द्वारा मच्छर एवं अन्य ऐसे कीटाणु जो मानव शरीर में संक्रमण एवं नुकसान का कारण बन सकते हैं उनको खत्म करने के लिए कीटनाशक पाउडर का छिडकाव कराया गया। वहीं स्वास्थ्य निरीक्षक के नेतृत्व में सफाई कर्मियों द्वारा नालियों में पैदा होने वाले मच्छर एवं उनके लार्वा को मारने के लिए फिनाईल डाली गई। वहीं इस दौरान राहगीरों एवं शहरवासियों से स्वास्थ्य निरीक्षक आरके बैरवा व फायरमैन रामअवतार मीणा सहित महिला फायरमैन ललिता बैरवा द्वारा साफ सफाई से रहने की अपील की।

प्रागपुरा थानाधिकारी की विशेष पहल

पावटा, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में बच्चों को प्रागपुरा थाना प्रभारी शिव शंकर चतुर्वेदी द्वारा एक विशेष पाठ पढाया गया। इस दौरान शिव शंकर चतुर्वेदी ने सभी बच्चों को यातायात नियम बताए, बच्चों से संबंधित कानून के बारे में अवगत कराया। छात्राओं को अपने जीवन में और आसपास गुड टच और बेड टच के बारे में बताया गया। इसके साथ ही प्रागपुरा थाना प्रभारी शिव शंकर चतुर्वेदी ने आज कल पढाई में इंटरनेट की आवश्यकता एवं इसके बुरे प्रभाव के बारे में भी बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म के इस्तेमाल में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया। साथ ही बच्चियों को छेडखानी जैसी हरकतों के बारे में तुरंत पुलिस को बिना डरे तुरंत सूचित करने को कहा।

चिंरजीवी चिकित्सा शिविर का निरीक्षण किया

मालपुरा,(निसं)। गुरूवार को आवडा पंचायत मुख्यालय पर आयोजित चिंरजीवी चिकित्सा शिविर मे पहुंचे जेडी डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने शिविर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही बीसीएमओ डॉ. संजीव चौधरी से ब्लॉक मे अब तक लगाये गये चिंरजीवी शिविरो की प्रगति रिपोर्ट जांची। तत्पश्चात आवडा उपस्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर सेन्टर पर व्यवस्थाओं मे सुधार तथा साफ-सफाई सुचारू रखे जाने हेतु एएनएम को निर्देश दिये। इस दौरान बीसीएमओ व डॉ. नासीर ने आवडा सेन्टर पर कार्यरत एएनएम द्वारा सुचारू व सफल प्रसव करवाये जाने की जानकारी दी। कोरोना की तीसरी लहर को लेकर बीसीएमओ व डॉ. नासीर ने राजकीय महाविद्यालय मालपुरा प्राचार्य विनोद शर्मा के साथ बैठक लेते हुए कोरोना गाईडलाईन की पालना करने तथा 26 नवम्बर को महाविद्यालय मे वैक्सीनेशन शिविर लगाये जाने का निर्णय लिया।

छात्राओं ने शिविर में श्रमदान किया

राजगढ़ अलवर, (निसं)। बालिका उच्च माध्यमिकविद्यालय में एन एस एस की छात्राओं ने एक दिवसीय शिविर में श्रमदान सहित अनेककार्यक्रम सम्पन्न हुए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिविर का विधिवत रूप से विद्यालय प्रभारी बबीता मीणा ने शुभारंभ किया। शिविर में एनएसएस की सुनीता मीना एवं प्रिया शर्मा ने स्वयंसेवी छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर जानकारी देते हुए स्वच्छता कार्यक्रम के साथ अन्य सेवा कार्यों की जानकारी दी। शारीरिक शिक्षिका यशोदा मठ वाल ने पर्यावरण संरक्षण के साथ कोविड-19 से बचाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी छात्राओं के साथ साझा की।

शिक्षण संस्थाएं, शिक्षक, अभिभावक कोविड गाइड लाइन की पालना करें : चिन्मयी गोपाल

- जिला कलेक्टर ने जिला स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक ली

टोंक, (निसं)। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने कहा कि कोविड के प्रसार को रोकने के लिए सावधानी व सतर्कता जरूरी है। जिले की शिक्षण संस्थाएं, शिक्षक, अभिभावक कोविड गाइड लाइन की पालना करें, जिससे कोविड संक्रमण को रोका जा सके।

जिला कलेक्टर ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश चन्द जैन को सभी विद्यालयों में थर्मल स्केनर से विद्यार्थियों के नियमित तापमान की जांच करने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग व समाज कल्याण के आवासीय छात्रावासों में भी यह व्यवस्था की जाएं। इसके साथ जिले के सभी ब्लॉक में रेंडमली सेम्पल कलेक्शन के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अशोक कुमार यादव को निर्देशित किया।

जिला कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा में जिले की रेंकिंग में सुधार के लिए उनियारा व देवली ब्लॉक के शिक्षा अधिकारियों को विशेष प्रयास करने होंगे। सीडीईओ ने बताया कि राजकीय विद्यालयों में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए कॉपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) में जिले के प्रदर्शन बेहतर नहीं है। इसमें भामाशाहों, दानदाताओं, औद्योगिक संस्थाओं को प्रेरित करने का प्रयास किया जाएगा। जिला कलेक्टर ने सीडीईओ को सीएसआर के लिए बेहतर प्लानिंग बनाने के निर्देश दिए। दानदाताओं, भामाशाहों के अतिरिक्त विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों से सम्पर्क कर विद्यालय के इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने में सहयोग लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए ऐसे शिक्षकों का चयन किया जाए जो स्वप्रेरित होकर अपनी सेवाएं निशुल्क दे सकें।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर स्वास्थ्य आने वाले कल को निखारने में बेहद जरूरी : परसादी

बिछा ग्राम पंचायत में बाबा रामदेव मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने भाग लिया।

रामगढ़ पचवारा, (निसं)। उपखंड की बिछा ग्राम पंचायत में बाबा रामदेव मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह को संबोधित करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मंत्री बनने के बाद पहली बार क्षेत्र में आए मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर स्वास्थ्य आने वाले कल को निखारने में महत्वपूर्ण है।

मंत्री परसादी लाल मीणा का ग्रामीणों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत अभिनंदन किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री मीणा ने कहा कि सरकार लोगों के बेहतर स्वास्थ्य की परिकल्पना पर आधारित विभिन्न चिकित्सा योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्रों में उतारकर लोगों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए कार्य कर रही है। कहा कि मौजूदा समय में रामगढ़ पचवारा उपखंड क्षेत्र विकास के महीनों में लालसोट से कहीं भी कम नहीं है। मंत्री मीणा ने कहा कि पचवारा क्षेत्र का ओर ज्यादा विकास हो इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री मीणा द्वारा बाबा रामदेव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा बनाए गए सद मार्गों पर चलते हुए अच्छे कार्य कर सामाजिक क्षेत्र में उन्नति लाने का आह्वान किया। बाबा रामदेव मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लालसोट पंचायत समिति के प्रधान एडवोकेट नाथू लाल मीणा एवं पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा के प्रधान कौशल्या मीणा द्वारा भी संबोधित किया गया। समारोह के दौरान उप प्रधान सूरज कटारा, रालावास सरपंच प्रतिनिधि बद्री लाल मीणा, सरपंच विष्णु शर्मा, डीडवाना सरपंच विनोद फुलवारिया सहित अखिल भारतीय रैगर महासभा के कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

भामाशाह ने छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरण किये

पावटा, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत भोनावास में पीईईओ परिक्षेत्र की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भोंनावास, बालिका विद्यालय, बागौरी व लालू सिंह की ढाणी विद्यालय में भामाशाह द्वारा स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कोलकाता प्रवासी श्रवण अग्रवाल व उनके पुत्र रोशन अग्रवाल द्वारा स्कूल में सभी विद्यार्थियों के लिए सर्दी के मौसम को देखते हुए स्वेटर, जूते, जुराब का वितरण किया गया। वही स्वेटर, जूते, जुराब वितरित करते हुए भामाशाह श्रवण अग्रवाल ने कहा कि में चाहता हूं कि मेरा बेटा भी इसी तरह मेरी इस परंपरा को निभाता रहे। वही सरपंच प्रतिनिधि संदीप सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं के हित के लिए किसी भी तरह की सामग्री की जरूरत पडी है तो वो हमेशा तत्पर रहें है। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवचरण जाखीवाल एवं समस्त स्टाफ ने भामाशाह सेठिया परिवार का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि विद्यालय मे छात्र छात्राओ के लिए किसी भी सुख सुविधा की जरूरत होती है तो भामाशाह श्रवण अग्रवाल द्वारा उसे पूरा किया जाता है। इस अवसर पर डॉ. किशन लाल शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि संदीप सिंह, हंसराज सिंह, प्रदीप सिंह, घनश्याम अग्रवाल,मनीष शर्मा, धर्म सिंह यादव, मुंशी सिंह, वार्ड पंच हंसराज सिंह सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

समाज सेवा का जज्बा आवश्यक : शर्मा

- प्रतिभा सम्मान एवं कैरियर गाइडेंस सेमिनार

चाकसू, (निसं)। कस्बे में गुरुवार को कस्तूरी देवी कॉलेज चाकसू में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कैरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया गया।

सम्मान समारोह एवं सेमिनार के मुख्य अतिथि चाकसू उपखंड अधिकारी डॉ. जी.एल . शर्मा रहे साथ ही जयपुर के विभिन्न संस्थानों एवं कॉलेजों के प्रतिनिधि जिनमें राकेश ढाका , डॉ. गोपी चन्द यादव , एकता चौटिया ,डॉ .एस .के .तिवारी,आरिफ खान भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी डॉ. जी.एल. ने समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने राजकीय एवं प्रशासनिक सेवा की तैयारी करने के तरीकों से उपस्थित छात्र छात्राओं को अवगत कराया उन्होंने बताया की किसी भी प्रकार की राजकीय अथवा सिविल सर्विसेज में पद प्रतिष्ठा तो मिलती हैं परन्तु मुख्य उद्देश समाज सेवा होना आवश्यक हैं ।

समारोह में विभिन्न वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर प्रकाश डालते हुए उनमें कैसे विद्यार्थि कैरियर बना सकते हैं को लेकर मार्गदर्शित किया।

कॉलेज निदेशक राजेन्द्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि शिक्षित बेरोजगार आज देश की सबसे बढी समस्या हैं , इसका मुख्य कारण सही कैरियर का चुनाव ना कर पाना होता हैं कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन मिले जिससे वे अपने लिये सही कैरियर का चुनाव करें जिससे वे अपना भविष्य अच्छा बना सकें। समारोह में मुख्य अतिथि एसडीएम डॉ.गोवर्धन लाल शर्मा ने विश्वविद्यालय परीक्षा में कॉलेज में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले एवं खेल प्रतियोगिताओं में पदक पाने वाले प्रतिभावान विद्यार्थिय को सम्मानित किया गया ।

कार्यक्रम विद्यार्थियों के सांस्कृतिक प्रतुतियाँ भी दी । कार्यक्रम में कॉलेज के सुमित शर्मा , अंकित जांगिड , डॉ . रेणुक वर्मा , निर्मला पारीक , राकेश शर्मा , मुकेश गुर्जर , इरशाद अहमद , शीबा पठान , सुप्रिया जैन , कविता वर्मा करिश्मा खण्डेलवाल ,रामावतार मीणा सहित सभी व्याख्याता एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

किशनगढ़ बास में नगर पालिका ने 17 वें दिन शिविर में 41 लोगों को पट्टे दिए

- विधायक, एसडीएम, पालिका अध्यक्ष, प्रधान ने पट्टों का वितरण किया

किशनगढ़ बास में शिविर के दौरान विधायक दीपचंद खैरिया ने लोगों को पट्ट वितरित किये।

किशनगढ़ बास, (निसं)। नगर पालिका किशनगढ़ बास में 17 दिन से लग रहे प्रशासन शहरों के संग शिविर में पहुंचे विधायक दीपचंद खैरिया, पालिका अध्यक्ष तारामणि सिंघल, प्रधान बद्री प्रसाद सुमन, एसडीएम ओम प्रकाश सहारण ने 41 लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए। उल्लेखनीय रहे कि 24 नवंबर को राष्ट्रदूत ने खबर प्रकाशित कर सरकार और प्रशासन को शिविर की हकीकत से अवगत कराया था कि 15 दिन से लग रहे किशनगढ बास में शिविर के दौरान नगर पालिका की ओर से एक भी व्यक्ति को पट्टा जारी नहीं किया जा सका है।

राष्ट्रदूत में खबर प्रकाशित होने के बाद एसडीएम ओमप्रकाश सहारण के निर्देश पर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी महेश गुर्जर और पालिका अध्यक्ष तारामणि सिंघल ने विधायक दीपचंद खेरिया से वार्ता की और गुरुवार को शिविर में पट्टे वितरण किए जाने के लिए कार्यक्रम निर्धारित कर 41 लोगों को पट्टे वितरित कराए गए। लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे लोग पट्टे मिलने के बाद खुश दिखाई दिए। इस मौके पर विधायक दीपचंद खैरिया ने कहा अधिकारी हो या कर्मचारी या आम नागरिक व हमेशा सच्चे और ईमानदारी के साथ रहे हैं झूठ बोलने वाले और बेईमान लोग ना पहले पसंद थे और ना आज हैं। उन्होंने अधिकारी पार्षदों को कहा सरकार का उद्देश्य तभी सार्थक होगा जब हम शिविर में अधिक से अधिक लोगों के निस्वार्थ भाव से लोगों के काम करेंगे।

शिविर में पहुंचने पर विधायक दीपचंद खेरिया का नगर पालिका प्रशासन व पालिका अध्यक्ष व पार्षदों की ओर से स्वागत किया गया। अधिशासी अधिकारी महेश गुर्जर ने बताया कि गुरुवार को बास कृपाल नगर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में लगे प्रशासन शहरों के संग शिविर में 41 लोगों को पट्टे वितरित किए। इसके अलावा 232 प्रकरणों का निस्तारण कर मौके पर लोगों की समस्याओं का निदान किया। दूसरी ओर एसडीएम ओमप्रकाश सहारण के निर्देशन में गांव बंबोरा में लगे प्रशासन गांव के संग शिविर में पहुंचे विधायक दीपचंद खेरिया जिला प्रमुख बलवीर छिलर प्रधान बीपी सुमन विकास अधिकारी मुकेश माहौर ने पंचायत राज विभाग की ओर से 101 पट्टे वितरित कराए। शिविर प्रभारी एसडीएम ओमप्रकाश सारण ने बताया कि बंबोरा में लगाए गए शिविर में 101 पदों के वितरण के साथ राजस्व विभाग ने 511 शुद्धीकरण व अन्य कार्य किए कृषि विभाग ने 180 मुद्रा नमूने वह मुद्रा कार्ड जारी किए आयुर्वेद विभाग की ओर से 383 लोगों को आयुर्वेद औषधि वितरण की गई समाज कल्याण विभाग ने 18 लोगों को पेंशन बना कर दी तथा महिला बाल विकास ने बेटी बचाओ बेटी पढाओ का संदेश देते हुए रैली निकाली।

विधायक इंद्राज गुर्जर गरीबों, असहायों का कर रहे आर्थिक सहयोग

विधायक गुर्जर ने घुमंतू समाज के जीताराम मिरासी की सहायता की।

पावटा, (निसं)। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्राज सिंह गुर्जर ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोगों का हाल जाना। वे क्षेत्र के गरीब, असहायों का दर्द बांटते हुए जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की सूचना पर बेटियों के शादी के लिए दिल खोलकर आर्थिक मदद कर रहे हैं।

विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज सिंह गुर्जर ने कहा कि गरीब असहायों की सेवा करना ही सबसे बडा धर्म है। उन्होंने कहा कि मेरे राजनीति में आने का मंकसद ही गरीब, कमजोर, असहायों की मदद करना है। गरीब असहायों की मदद के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे। क्षेत्र में गंभीर रोगों से ग्रसित लोगों के ईलाज और बेटियों की शादी में विधायक इंद्राज सिंह गुर्जर या उनका प्रतिनिधि आर्थिक सहायता करने पहुंच ही जाते है। विधायक द्वारा विराटनगर कस्बे के वार्ड नंबर 14 निवासी रोहिताश मेहरा की पारिवारिक आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने पर पुत्रियों के विवाह में उनकी दोनों बेटियों के कन्यादान के रूप में सपूर्ण फर्नीचर का सामान देकर परिवार का आर्थिक सहयोग किया।

वहीं ग्राम पंचायत जोधपुरा में स्वर्गीय जगदीश जाजोरिया की सुपुत्री के विवाह में ग्रामवासियों की सूचना पर छोटे भाई राजेश को भेजकर 31 हजार, प्रागपुरा में प्रकाश वाल्मीकि की सुपुत्री के विवाह में 21 हजार, ग्राम पंचायत बडनगर में स्वर्गीय लीलाराम खजोतिया की सुपुत्रियो के विवाह में 2 कूलर तथा 51 सौ रूपये एवं बडनगर में रामवतार सिंह शेखावत की बेटी के विवाह मे 51 सौ का कन्यादान कर आर्थिक कर अपना फर्ज निभाया। वही गांव ललाना में स्वर्गीय हनुमान वर्मा की बेटी की शादी समारोह में पहुंचकर आर्थिक रूप से कमजोर होने पर कन्यादान के रूप मे फर्नीचर का खर्चा अपनी ओर से उठाया। वही विराटनगर विधानसभा के ग्राम तुलसीपुरा में अर्जुन लाल बलाई की पुत्री की शादी में ग्रामवासियों की सूचना पर परिवार की दयनीय स्थिति को देखते हुए अपने छोटे भाई राजेश गुर्जर को भेजकर परिवार की आर्थिक मदद करने के निर्देश दिए। जिस पर छोटे भाई राजेश ने तुरंत मौके पर ही अर्जुन लाल बलाई को 51 हजार रूपये नगद देकर आर्थिक सहयोग किया। वही विधायक इंद्राज गुर्जर विराटनगर की ग्राम पंचायत किशनपुरा में भरत सिंह शेखावत की बेटियों की शादी समारोह में शामिल हुए तो ज्ञात हुआ कि भरत सिंह शेखावत की दिव्यांगता के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, तो उन्होंने अपनी निजी आय में से 21 हजार का आर्थिक सहयोग कर अपना धर्म निभाया।

विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि घुमंतू समाज के जीताराम मिरासी ने कुछ दिनों पहले मीरासी ने मुझे परेशानी बतायी। मैंने उनकी सुपुत्री के विवाह में पहुँचकर सपूर्ण शादी का खर्चा देकर अपना धर्म निभाया।